अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन

स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स

हाल ही में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (ANRF) के शासी बोर्ड की पहली बैठक हुई।

- इसमें भारत की **अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ाने तथा** सभी संस्थानों में मज़बूत **अनुसंधान संस्कृति स्थापित करने की** पहल पर ध्यान केंद्रित किया गया।
- इस बैठक के दौरान **त्वरित नवाचार और अनुसंधान के लिये साझेदारी (PAIR), उच्च प्रभाव वाले क्षेत्रों में उन्नति के लिये मिशन (MAHA) तथा ANRF उत्कृष्टता केंद्र (ACE) की शुरूआत करने की योजना पर प्रकाश डाला गया।**
    - **PAIR का** उद्देश्य **शीर्ष स्तरीय संस्थानों** और **उन शैक्षणिक संस्थानों** के बीच **नई साझेदारियों को बढ़ावा देना है** जहाँ अनुसंधान क्षमताएँ सीमित हैं।
    - **यह हब और स्पोक** ढाँचे के तहत कार्य करेगा**।**
- **MAHA को** प्राथमिकता-संचालित, समाधान-केंद्रित अनुसंधान के माध्यम से **प्रमुख रणनीतिक और उभरते क्षेत्रों** में अनुसंधान में तेज़ी लाने हेतु डिज़ाइन किया गया है।
    - MAHA के अंतर्गत सहायता के लिये तत्काल प्राथमिकता वाले क्षेत्र **ईवी मोबिलिटी और उन्नत सामग्री** हैं।
    - **ANRF उत्कृष्टता केंद्र** विभिन्न क्षेत्रों में **अत्याधुनिक अनुसंधान को** समर्थन देने के लिये अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचे के साथ**विश्व स्तरीय अनुसंधान वातावरण** बनाने में सहायक होगा।
- ANRF की स्थापना **अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन अधिनियम, 2023 के तहत** पूरे देश में अनुसंधान तथा नवाचार की संस्कृति को विकसित करने एवं बढ़ावा देने के लिये की गई है।

और पढ़ें: राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/anusandhan-national-research-foundation